प्रसार भारती

07.08.2024 19.45 बजे

**" मुख्य समाचार"**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में सौर ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता पर दिया बल–आगामी 6 माह में 50 मैगावाट सौर ऊर्जा का होगा दोहन।
- लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से दोनों राज्यों के विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा।
- ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने नालदेहरा व छोटा शिमला में हिम ईरा हाट के भवन का किया शुभारंभ।
- शिमला, मंडी और कुल्लू जिलों में बादल फटने के बाद से लापता लोगों की तलाश लगातार जारी–अब तक 22 शव बरामद।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि प्रदेश आगामी छः महीने में लगभग 50 मेगावाट सौर ऊर्जा का दोहन सुनिश्चित करेगा। शिमला में आज ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि ऊना जिला के पेखुबेला में 32 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित की गई है और कुटलैहड़ क्षेत्र में 10 मेगावाट जबकि गगरेट में 5 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं निर्माणाधीन है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश के लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि इन परियोजनाओं से प्रदेश के लोग आजीविका कमा सके। प्रदेश को 31 मार्च 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य के रूप में स्थापित करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रदेश सरकार हरित उद्योगों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा पर्यावरण हितैषी और ऊर्जा का नवीकरणीय साधन है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सौर ऊर्जा परियोजनाओं के कार्य में तेजी लाने और समयबद्ध पूर्ण करने के साथ–साथ नई परियोजनाओं के लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। रितेश कपूर/

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्रदेश में नशे की बढ़ती प्रवृति पर चिंता व्यक्त करते हुए इस बुराई पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया है। शिमला में आज दैनिक समाचार पत्र द्वारा आयोजित शिमला के मेधावी' कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि नशे जैसी बुराई को रोकने में शिक्षकों को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए आगे आना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य अच्छे गुणों का सृजन कर बेहतर इंसान बनाना और बच्चों का लक्ष्य राष्ट्र का निर्माण होना चाहिए। शिव प्रताप शुक्ल ने विद्यार्थियों से समय का सदुपयोग कर भविष्य की चुनौती के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों के समग्र विकास के लिए उन्मुक्त वातावरण उपलब्ध करवाएं और उन्हें सही दिशा प्रदान कर उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करें। राज्यपाल ने इस दौरान शिमला शहर के 28 स्कूलों के 3 सौ 56 मेधावियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है और शैक्षणिक अधोसंरचाना के सुदृढ़ीकरण पर भी विशेष बल दे रही है।

**जगत सिंह नेगी**

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने नाथपा झाकड़ी विद्युत परियोजना से प्रभावित भूमिहीन लोगों को एक माह के भीतर पांच बीघा तक भूमि का मालिकाना हक प्रदान करने के परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। वे आज झाकड़ी में नाथपा झाकड़ी व बसपा जलविद्युत परियोजना पुर्नवास व पुर्नस्थापन सलाहकार समिति की राज्य स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में जानकारी दी गई कि झाकड़ी परियोजना क्षेत्र में चार सौ 80 परिवार प्रभावित हुए हैं और इनमें से एक सौ 41 भूमिहीन व 67 परिवार आवासहीन घोषित किए गए हैं। बैठक में सातवें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष व रामुपर के विधायक नंदलाल भी मौजूद रहे।

**विकमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज देहरादून में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर दोनों राज्यों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने पुष्कर सिंह धामी को पांवटा साहिब के यमुना पुल की मुरम्मत और पुनर्वास के दौरान बेयरिंग को बदलने के लिए यातायात परिवर्तित करने का सुझाव दिया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हिमाचल और उत्तराखंड को जोड़ने के लिए यमुना पुल की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा

कि पुल के मुरम्मत कार्य के दौरान यातायात को परिवर्तित करने की व्यापक योजना बहुत जरूरी है ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति भी सुचारू रूप से बनी रहे। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि यातायात परिवर्तित करने की योजना को अति शीघ्र शुरू करना बहुत जरूरी है जिसके लिए दोनों राज्यों में समन्वय की आवश्यकता है। विक्रमादित्य सिंह ने पुष्कर सिंह धामी से नैटवाड़ और पुजारली सड़क के निर्माण कार्य में तेजी लाने का भी आग्रह किया। विक्रमादित्य सिंह ने दोनों राज्यों की सीमा साझा करने वाले और सामरिक महत्व के प्रदेश में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों के बारे में भी पुष्कर सिंह धामी से बातचीत की।

## अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के नालदेहरा में 40 लाख रूपए की लागत से निर्मित हिम ईरा हाट के भवन का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिम ईरा हाट के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बनाए गए स्थानीय व्यंजनों और जैविक खाद से तैयार उत्पादों को बेचने के लिए एक प्लेटफॉर्म मिलता है। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि हाट में प्रदेश भर से उत्पाद बेचने के लिए रखे जाएंगे जो पूरी तरह से जैविक होंगे। उन्होंने कहा कि मशोबरा खंड की स्वयं सहायता समूह फैडरेशन को इस हाट चलाने का जिम्मा दिया गया है। बाद में ग्रामीण विकास मंत्री ने छोटा शिमला में भी हिम ईरा हाट व प्रीमियम स्टोर का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिमला में लिफ्ट के समीप नगर निगम पार्किंग में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से दो करोड़ की लागत से एक विक्रय केंद्र बनाया जा रहा है जो अगले छः महीने में बन कर तैयार हो जाएगा।

## तलाशी अभियान

प्रदेश के शिमला, मंडी और कुल्लू जिले में बादल फटने के बाद से लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च अभियान लगातार जारी है। समेज में चल रहे सर्च ऑपेशन के 7वें दिन आज सुबह सैंज के समीप सतलुज नदी के किनारे एक और शव बरामद हुआ है। शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि महिला का ये शव पूरी तरह क्षत विक्षत है और शव को पोस्टमार्टम के लिए रामपुर अस्पताल भेज दिया गया है। साथ ही कुल्लू जिला प्रशासन को भी इस बारे में सूचना दे दी गई है। 31 जुलाई को प्रदेश के कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में बादल फटने की घटनाओं में अब तक कुल 22 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। इनमें समेज में 10, मंडी के राजबन में 9 और कुल्लू के मलाणा

व बागीपुल में 3 शवों को बरामद किया गया है। मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि बादल फटने के कारण लापता 10 लोगों में से 9 को ढूंढ लिया गया है जबकि तेरंग हादसे में लापता एक व्यक्ति की तलाश लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि लापता व्यक्ति को ढूंढने के लिए तलाशी अभियान का दायरा बढ़ा दिया गया है। उपायुक्त ने कहा कि प्रभावित परिवारों को गैस कनैक्शन, राशन, और मैडिकल किटें भी उपलब्ध करवा दी गई है। इसके अलावा सभी मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रूपए की सहायता राशि जारी की गई है। गौरतलब है कि बीते 31 जुलाई की मध्यरात्रि बादल फटने के कारण आई बाढ़ से समेज गांव में भारी तबाही हुई है। हादसे में कई घर, स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र भी बह गया था। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रभावित परिवारों को 50–50 हजार रूपये की राहत राशि और किराए पर मकान के लिए पांच–पांच हजार रूपये प्रतिमाह देने की घोषणा की है।

**सिकंदर**

केंद्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता राज्य मंत्री बी.एल.वर्मा ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में 6 नशा मुक्ति और पुनर्वास केंद्र संचालित हैं। इनमें कुल्लू, हमीरपुर और ऊना में तीन पुनर्वास केंद्र  जबकि शिमला, कांगड़ा व सरकारी अस्पताल कुल्लू में एक नशा मुक्ति केंद्र स्थापित है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा संसद में पूछ गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि देश में नशीले पदार्थों पर रोक लगाने के उददेश्य से एक नोडल मंत्रालय बनाया गया है जो नशे से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश सहित अन्य राज्यों में नशीली दवाओं की मांग में कमी लाने के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना तैयार कर उसे लागू कर रहा है। उन्होंने कहा कि नशे की रोकथाम के लिए देश भर में नशा मुक्त भारत अभियान शुरू किया गया जिसे हिमाचल के सभी जिलों में भी लागू किया जा रहा है। इस दौरान सांसद सिकंदर कुमार ने कहा कि नशे की समस्या से निपटने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे।

**जयराम**

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार को युवाओं के भविष्य देखते हुए जल्द भर्ती परीक्षाओं के परिणाम जारी करने चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार केवल बयान बाजी से ही काम चलाना चाहती है और डेढ साल से युवा सड़कों पर इंतजार कर रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि आश्वासनों से थक कर युवा कर्मचारी चयन आयोग के दफतर के बाहर क्रमिक अनशन पर बैठे हैं और अब कोरी बयान

बाजी करने के बजाए सरकार को परिणाम जारी करने चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने आउटसोर्स कर्मियों के लंबित वेतन का भुगतान जल्द करने की भी सरकार से मांग की है।

**<u>मुख्य समाचार</u>**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में सौर ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता पर दिया बल–आगामी 6 माह में 50 मैगावाट सौर ऊर्जा का होगा दोहन।
- लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से दोनों राज्यों के विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा।
- ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने नालदेहरा व छोटा शिमला में हिम ईरा हाट के भवन का किया शुभारंभ।
- शिमला, मंडी और कुल्लू जिलों में बादल फटने के बाद से लापता लोगों की तलाश लगातार जारी–अब तक 22 शव बरामद।